प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

30 जून 2023

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की ऋण और जमा दरें – जून 2023

जून 2023 माह के लिए अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और लघु वित्त बैंकों को छोड़कर) की ऋण और जमा दरों से संबंधित आंकड़ा।

मुख्य बातें:

उधार दर:

- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के नए रुपया ऋणों पर भारित औसत उधार दर (डब्ल्यूएएलआर) अप्रैल 2023 में 9.08 प्रतिशत से 19 आधार अंक (बीपीएस) बढ़कर मई 2023 में 9.27 प्रतिशत हो गई।

- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के बकाया रुपया ऋणों पर डब्लूएएलआर अप्रैल 2023 में 9.76 प्रतिशत से 2 बीपीएस बढ़कर मई 2023 में 9.78 प्रतिशत हो गया।

- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की निधि का सीमांत लागत आधारित उधार दर (एमसीएलआर) की 1-वर्ष की माध्यिका मई 2023 में 8.60 प्रतिशत से बढ़कर जून 2023 में 8.65 प्रतिशत हो गई।
- एससीबी के कुल बकाया अस्थिर दर वाले रुपया ऋण में बाह्य बेंचमार्क आधारित उधार दर (ईबीएलआर) से संबद्ध ऋणों की हिस्सेदारी मार्च 2023 के अंत में 49.6 प्रतिशत थी, जबकि एमसीएलआर से संबद्ध ऋणों की हिस्सेदारी 45.5 प्रतिशत थी।

जमा दरें:

- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के नए रुपया मियादी जमा पर भारित औसत घरेलू मियादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) अप्रैल 2023 में 6.36 प्रतिशत से 4 बीपीएस घटकर मई 2023 में 6.32 प्रतिशत हो गई।

- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की बकाया रुपया मियादी जमाराशियों पर भारित औसत घरेलू मियादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) अप्रैल 2023 में 6.28 प्रतिशत से 9 बीपीएस बढ़कर मई 2023 में 6.37 प्रतिशत हो गई।

अजीत प्रसाद
निदेशक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/507